# जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सुनी कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों की समस्या

## किसानों को उर्वरक-खाद की नहीं होने दी जाएगी समस्या, सहकारी समितियों को दिए निर्देश

अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में एत्मादपुर मदरा व रायपुर रहनकला गांव के किसानों की जमीन अधिग्रहण संबंधी विभिन्न समस्याओं,उर्वरक खाद,और खसरा-खतौनी से नाम हटाने आदि विषयक बिंदुओं पर बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी के समक्ष किसानों द्वारा एत्मादपुर मदरा क्षेत्र में आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों के नाम खसरा-खतौनी से हटाए जाने के प्रकरण को रखा, जिलाधिकारी ने किसानों की विस्तार से समस्याओं को सुना तथा व्यवस्था दी कि चूंकि मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है, कोर्ट के निर्णय तक किसानों के नाम खसरा-खतौनी से नहीं हटाए जाएंगे। जिलाधिकारी को बताया गया कि उक्त क्षेत्र के किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से मिलने वाले उर्वरक, खाद आदि में समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी किसान, सहकारी समितियों से उर्वरक, खाद आदि क्रय कर सकेंगे, खाद आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी तथा संबंधित सहकारी समितियों




को इस हेतु निर्देश सुनिश्चित किए जाएंगे। बैठक में किसानों द्वारा रायपुर रहनकला में कुछ किसानों को अभी तक मुआवजा राशि का भुगतान न होने, सड़क किनारे की जमीनों के मूल्यांकन और दरों को लेकर कुछ किसानों की आपत्तियों संबंधी प्रकरण को रखा गया, जिलाधिकारी ने संबंधित से जानकारी तलब की,जिसमें बताया गया कि अधिकांश किसानों को लगभग 85 से 90 प्रतिशत ने सहमति से भूमि का मुआवजा विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (एसएलओ) कार्यालय के माध्यम से वितरित कर मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जा चुका है, जिन किसानों द्वारा नियम विरुद्ध भूमि अधिग्रहण के बाद भूमि का विक्रय किया गया है उनकी मुआवजा राशि शेष है, जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी भूमि के अधिग्रहण नोटिफिकेशन के बाद उसका विक्रय करना कानूनी रूप से गलत है,उक्त प्रकरण में जल्द कार्यवाही कर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि भूमि अधिग्रहण संबंधी विभिन्न समस्याओं का एडीए के अधिकारियों के साथ समन्वय व विचार विमर्श कर उचित समाधान किया जाएगा व किसानों की नियमानुसार, वाजिब,शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट अमित शुक्ला, किसान प्रतिनिधि तथा संबंधित क्षेत्रों के किसान मौजूद रहे



## जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम-वीवीपेट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** शुक्रवार को जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक, तहसील सदर में बने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम मशीनों की सुरक्षा, सीसीटीवी से होने वाली निगरानी, रिकॉर्ड्स के रखरखाव और वेयरहाउस की पूरी व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने ईवीएम- वीवीपैट वेयर हाउस के मासिक निरीक्षण में वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन यंत्रों, अलार्म सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपकरणों के संचालन की गहनता से अवलोकन,जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा उपकरण क्रियाशील रखें और सुरक्षा मानकों का नियमित रूप से परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हेमंत कुमार,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंह, व संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग का आटा एवं मैदा उत्पादों पर चला विशेष प्रवर्तन अभियान, 16 विधिक नमूने संग्रहित

अग्र भारत संवाददाता



**आगरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जनपद आगरा द्वारा आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आटा, मैदा, सूजी, बेसन एवं दलिया निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठानों पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रतिष्ठानों से कुल 16 विधिक खाद्य नमूने संग्रहित किए गए जिसमें गणेश कंज्यूमर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, भागूपुर से 05 नमूने (आटा, बेसन, दलिया, मैदा एवं सूजी)। बी.पी. फ्लोर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड, भागूपुर से 01 आटा एवं 01 फोर्टिफाइड गेहूँ के आटे का नमूना। लक्ष्मी नारायण आटा मिल, मलपुरा, आगरा से 01 गेहूँ के आटे का नमूना। आगरा रोलर फ्लोर मिल्स, मथुरा रोड, आगरा से 02 नमूने (गेहूँ का आटा एवं मैदा)। अग्रवाल फूड्स, नगला कमाल रोड, खेरागढ़ से 01 गेहूँ के आटे का नमूना। कन्हैया फ्लोर मिल से 01 गेहूँ के आटे का नमूना। आगरा फ्लोर मिल, सेवला जाट, ग्वालियर रोड, आगरा से 02 आटे के नमूने। गुप्ता एंटरप्राइजेज फ्लोर मिल से 02 आटे के नमूने। संग्रहित सभी खाद्य नमूनों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए परीक्षण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा नियमावली के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जनपद आगरा द्वारा जनस्वास्थ्य के संरक्षण एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे।

## कोचिंग संचालक ने किया छात्रा से कथित अभद्रता एवं शोषण का प्रयास

### बजरंग दल एवं पुलिस ने की तत्पर कार्रवाई



अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** थाना शाहगंज क्षेत्र (रूई की मंडी) स्थित कुल इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स, बिजनेस मैनेजमेंट, इकोनॉमिक्स एंड एजुकेशन (Kul Institute) के संचालक पर एक छात्रा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि छात्रा को एडमिशन संबंधी औपचारिकताओं का बहाना बनाकर होटल सेलेकर बुलाया गया, जहाँ उसके साथ अभद्र व्यवहार तथा ज़बरदस्ती करने का प्रयास किया गया।

जानकारी के अनुसार, छात्रा ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत अपने भाई को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पीड़िता का भाई विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ होटल सेलेकर पहुँचा। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुँची और आरोपी को अपने साथ लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।

पीड़िता और उसके परिजनों ने आरोपी पर यह भी आरोप लगाया है कि वह पहले भी कोचिंग की आड़ में कई छात्राओं का शोषण कर चुका है। इन आरोपों की सत्यता की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति शिक्षा संस्थान की आड़ में इस प्रकार के कृत्य करने का साहस न कर सके। संगठन ने यह भी मांग की कि मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कर पीड़िता को न्याय दिलाया जाए।

मौके पर उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दिग्विजय नाथ तिवारी, राहुल जोशी, करन गर्ग, शिवम दुबे, अनुज पाठक,,शिवम अग्रवाल, आकाश वर्मा, कार्तिक मुदगल एवं सारांश श्रीवास्तव रहे।

## आउटसोर्स कर्मियों को नगर निगम की बड़ी सौगात

अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** नगर निगम में कार्यरत आउटसोर्स, संविदा एवं अन्य श्रेणी के कर्मचारियों को अगले सप्ताह से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नई न्यूनतम मजदूरी दरों के अनुसार वेतन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने शासन की अधिसूचना के अनुपालन में सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के श्रम अनुभाग-02 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर निगम वाले जनपदों के लिए 1 अप्रैल 2026 से नई न्यूनतम मजदूरी दरें लागू की गई हैं। शासन के निर्देशों के अनुरूप नगर निगम में कार्यरत किसी भी आउटसोर्स कर्मचारी को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में नगर निगम के विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों का श्रेणीवार विवरण तैयार कराया जा रहा है। कर्मचारियों को कुशल, अर्द्धकुशल और अकुशल श्रेणियों में वर्गीकृत करने के लिए श्रम विभाग से दिशा-निर्देश एवं आवश्यक जानकारी मांगी गई है। सभी संबंधित एजेंसियों को भी निर्देशित किया गया है कि किसी भी कर्मचारी को निर्धारित दर से कम वेतन का भुगतान न किया जाए।

नगर आयुक्त ने कहा कि इससे नगर निगम के विभिन्न विभागों में कार्यरत बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा और शासन की मंशा के अनुरूप उन्हें उनका निर्धारित पारिश्रमिक सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## फतेहपुर सीकरी पुलिस ने अवैध खनन पर की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**आगरा।** थाना फतेहपुर सीकरी पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश-राजस्थान सीमा पर स्थित सिरोली गांव के समीप चेकिंग के दौरान खनन सामग्री से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया।



पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में वाहन अवैध खनन से संबंधित पाया गया। इसके बाद नियमानुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। मामले की जांच की जा रही है तथा संबंधित विभागों को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए अवगत कराया गया है। पुलिस का कहना है कि अवैध खनन एवं उससे जुड़े मामलों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। जांच के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दयाल नगर में बनेगी नई सीसी सड़क, जलभराव और बदहाल सड़क से मिलेगी राहत

### नगर निगम ने शुरू कराया 10 लाख की लागत से सड़क निर्माण, वार्ड-6 के लोगों की वर्षों पुरानी समस्या होगी दूर

**आगरा।** वार्ड संख्या-6 शाहगंज स्थित दयाल नगर के निवासियों को जल्द ही ऊबड़-खाबड़ सड़क और जलभराव की समस्या से राहत मिलने जा रही है। नगर निगम ने क्षेत्र में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि बारिश के दौरान होने वाले जलभराव से भी लोगों को निजात मिलेगी।




यह कार्य क्षेत्रीय पार्षद राधा मनवानी के प्रस्ताव पर नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य की स्वीकृति मिलने के बाद प्रारंभ कराया गया है। लंबे समय से स्थानीय नागरिक खराब सड़क और बारिश के समय पानी भरने की समस्या से परेशान थे। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आए दिन वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी, जिससे लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता था। नगर निगम के निर्माण विभाग ने स्वीकृति मिलने के बाद तेजी से कार्य शुरू करा दिया है। क्षेत्रीय अवर अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि पुरानी सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसके कारण जगह-जगह पानी भर जाता था। नई सीसी सड़क बनने से सड़क की गुणवत्ता बेहतर होगी और जल निकासी की समस्या में भी काफी सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर लगभग 10 लाख रुपये की लागत आएगी तथा निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार कराया जा रहा है।

**नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना-नगर आयुक्त**

'नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। दया नगर में सीसी सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को जलभराव और खराब सड़क जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरे कराए जा रहे हैं, ताकि लोगों को शीघ्र बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। '

## आगरा की 'कोठी मीना बाजार' निकली शिवाजी की कैद स्थल, यहां बनेगा भव्य स्मारक

अग्र भारत सवाददाता

**आगरा।** इतिहास के पन्नों में दबा एक और सच अब सामने आ गया है। ऐतिहासिक तथ्यों और जयपुर राजपरिवार के राजस्व अभिलेखों से पुष्टि हुई है कि आगरा की कोठी मीना बाजार वही स्थान है जहां औरंगजेब ने छल से छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके पुत्र संभाजी को कैद कर नजरबंद रखा था। यहीं से शिवाजी ने अपनी बुद्धि, साहस और अद्भुत योजना से मुगल कैद तोड़कर इतिहास रच दिया था।




**6 साल की खोज के बाद खुला राज**

इस ऐतिहासिक तथ्य को उजागर करने में सन् 2018 से उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय जुटे थे। इतिहासकार प्रो. सुगम आनंद और स्व. डॉ. अमर आधार निडर के शोध प्रयासों से यह प्रमाणित हुआ कि मिर्जा राजा जय सिंह के पुत्र राम सिंह का यही आवासीय स्थल शिवाजी की कैदगाह था।

योगेंद्र उपाध्याय का कहना है कि दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने इस प्रेरणादायी स्थल पर न कोई स्मारक बनाया और न ही इसकी खोज की। अब इस स्थान को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत और महाराष्ट्र से उत्तर भारत तक एकात्मकता का प्रतीक बनाया जाएगा।

**महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर बनेगा भव्य स्मारक**

इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मुबइ प्रवास के दौरान महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री आशीष शेलार से उनके मालाबार स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्होंने शेलार को आगरा आकर स्थल का निरीक्षण करने और विकास की रूपरेखा तैयार करने का आमंत्रण दिया।

बैठक में महाराष्ट्र भाजपा नेता सुनील सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री ने छत्रपति शिवाजी के हृश्वस्स्ट्ठ द्वारा मान्यता प्राप्त 12 किलों के इतिहास पर आधारित पुस्तक भी भेंट की।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मंत्री आशीष शेलार ने पहले ही आश्वस्त किया है कि महाराष्ट्र सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर इस स्मारक स्थल को भव्यता प्रदान करेगी।

अब यूपी और महाराष्ट्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से कोठी मीना बाजार को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित करने की तैयारी है, ताकि शिवाजी महाराज के शौर्य का यह प्रतीक देश-दुनिया के सामने आ सके।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न




**आगरा।** शुक्रवार को लघु सभागार में मण्डलायुक्त नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। सर्वप्रथम पशुपालन विभाग की समीक्षा में अवगत कराया गया कि जनपद आगरा में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र विक्रमपुर, वृ.गौ.सं.के.भिडावली, कान्हा गौशाला फतेहाबाद, कान्हा गौशाला किरावली/अछनेरा, कान्हा गौशाला शमसाबाद का निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गये कि अंतिम तिथि निर्धारित करते हुए कार्य को ससमय पूर्ण कराया जाए। मण्डल में कुल गोचर लिंक उपलब्ध भूमि के सापेक्ष शेष रिक्त भूमि पर भी हरा चारा बोए जाना सुनिश्चित किया जाए। जनपद मथुरा के रूपनगर और मैनपुरी के इज्जतपुर खजरारा गो संरक्षण केन्द्र में लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष गौवंश के शिफ्टिंग की कार्यवाही प्राथमिकता पर करायी जाए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में निर्देश दिए गये कि आगरा, मथुरा और मैनपुरी में अवशेष अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। आगरा, मथुरा और मैनपुरी में अवशेष विद्यालयों को फर्नीचर से संतृप्त किया जाए। जननी सुरक्षा योजना में आगरा में सबसे कम लाभार्थियों को भुगतान होने पर आयुक्त ने इसकी समीक्षा करने एवं भुगतान प्रतिशत की प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। आगरा और मथुरा में गोल्डन कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया में प्रगति लाई जाए। सरकारी भवनों पर रूफ टॉप सोलर योजना में कोई प्रगति नहीं होने पर संबंधित विभाग से समन्वय करने तथा चारों जनपदों में जिलाधिकारी द्वारा समीक्षात्मक अध्ययन करने के निर्देश दिए। सीमए युवा उद्यमी एवं स्वरोजगार योजना में सभी जनपदों में मार्जिन मनी अवमुक्त करने के निर्देश दिए। रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना में चारों जनपदों में नोडल पुलिस अधिकारी स्तर पर लंबित तथा आगरा, मथुरा और मैनपुरी में डीएससी स्तर पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण जल्द करायें। राशन दुकानों के विवरण की समीक्षा की गयी। रिक्त उचित दर की दुकानों के सापेक्ष नये चयन की कार्यवाही त्वरित की जाए। मण्डल में निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवनों के कार्य जल्द पूर्ण कराये जाने हेतु आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया।

## नगर निगम कार्यकारिणी में विक्रांत कुशवाह बने उपसभापति

**गृहकर में 10% छूट 30 सितंबर तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर लगी मुहर कार्यकारिणी बैठक में अफसरों से तीखे सवाल, सहायक नगर आयुक्त रहे पार्षदों के निशाने पर**

**आगरा।** नगर निगम की कार्यकारिणी समिति की बैठक गुरुवार को महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा सर्वसम्मति से पार्षद विक्रांत कुशवाह को कार्यकारिणी समिति का उपसभापति चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव पार्षद हेमंत प्रजापति ने रखा, जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।



बैठक में शहरवासियों को राहत देने वाला एक महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया। पार्षद राकेश जैन द्वारा गृहकर पर 31 जुलाई तक दी जा रही 10 प्रतिशत की छूट को बढ़ाकर 30 सितंबर तक जारी रखने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर कार्यकारिणी ने अपनी सहमति दे दी। अब इस प्रस्ताव को आगे की औपचारिक कार्रवाई के लिए सदन को भेजा जाएगा।

बैठक के दौरान कुल 13 प्रस्ताव कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिनमें से लगभग आधा दर्जन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई, जबकि शेष प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा के बाद आगे विचार करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान कई मुद्दों पर तीखी बहस भी देखने को मिली। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम पार्षदों और स्वयं महापौर के निशाने पर रहे। पार्षद अतुल अवस्थी ने नगर निगम में 27 माली की भर्ती प्रक्रिया तथा उनके भुगतान के मद को लेकर सवाल उठाए और पूरे मामले की जानकारी मांगी। पार्षद राकेश जैन द्वारा रखे गए वीरांगना झलकारी बाई शोभा यात्रा अनुदान को एक लाख रुपये से बढ़ा कर डेढ़ लाख करने के प्रस्ताव को भी पास कर दिया गया। वहीं पार्षद हेमंत प्रजापति ने सहायक नगर आयुक्त के पास एक साथ 11 पटल (विभागीय दायित्व) होने का कारण पूछा और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए।

बैठक में अधिकारों के दायरे को लेकर सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम और मुख्य अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक अजय कुमार राम के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। महापौर ने दोनों अधिकारियों को संयम बरतने और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य की अनुपस्थिति में बैठक का संचालन अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने किया। बैठक में मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी बृजेश सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा, सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम एवं श्रद्धा पांडेय, महाप्रबंधक जलकल कुमार गौरव, मुख्य अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक अजय कुमार राम तथा प्रभारी मुख्य अभियंता अरविंद श्रीवास्तव एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी शिवकुमार गौतम सहित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मौहल्ला समाधान दिवस में 312 शिकायतें दर्ज, त्वरित निस्तारण के लिए विभागों को सौंपे गए प्रकरण

### गोबर चौकी ताजगंज में सबसे अधिक 107 और अलबतिया में 82 शिकायतें पहुंचीं, अधिकारियों ने दिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश




**आगरा।** नगर निगम द्वारा शहरवासियों की समस्याओं का उनके वार्डों में ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित मौहल्ला समाधान दिवस में शुक्रवार को नागरिकों ने बढ़-चढ़कर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शहर के चारों जोनों में लगाए गए शिविरों में कुल 312 शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतों का पंजीकरण करने के बाद उन्हें संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए भेज दिया गया है। नगर निगम प्रशासन ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मौहल्ला समाधान दिवस के दौरान लोगों ने मुख्य रूप से जलभराव, सीवर चोक, नालियों की सफाई, टूटी सड़कें, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, कूड़ा उठान, सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण जैसी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। कई स्थानों पर अधिकारियों ने मौके पर ही शिकायतों का परीक्षण कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जबकि निर्माण एवं तकनीकी कार्यों से जुड़ी शिकायतों को संबंधित शाखाओं को भेजा गया।

सबसे अधिक शिकायतें ताजगंज जोन में दर्ज की गई, जहां कुल 140 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें वार्ड-97 गोबर चौकी से अकेले 107 शिकायतें आई, जबकि वार्ड-02 नन्दपुरा से 33 शिकायतें दर्ज कराई गई। लोहामण्डी जोन में कुल 112 शिकायतें प्राप्त हुई। यहां वार्ड-73 अलबतिया से 82 और वार्ड-03 जगदीशपुरा से 30 फरियादियों ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। हरीपर्वत जोन में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें वार्ड-28 जागेश्वर नगर से 13 तथा वार्ड-93 बजीरपुरा** से 22 शिकायतें शामिल रहीं। वहीं छत्ता जोन में कुल 25 शिकायतें दर्ज हुई। इनमें वार्ड-01 काजीपाड़ा से 21 तथा वार्ड-58 नराचय पश्चिम से 4 शिकायतें प्राप्त हुई।